**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी।



# देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है। देवोलीना ने आगे कहा, 'मैं कन्वर्ट नहीं हुई हूं और ना ही मेरे पति। ना मैंने उन्हें हिंदू बनाया और ना उन्होंने मुस्लिम। सब खुश रहिए, अच्छे से रहिए और मेरी लाइफ में दखलअंदाज ना करें। हमारी लाइफ है, हमें अपने हिसाब से जीने दीजिए।'



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय

श्री प्रकाश मंडल जी

का स्वर्गवास शनिवार दिनांक 08.03.2025 को हो गया है। अतः दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आप से अनुरोध है कि निम्नलिखित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हमें कृतार्थ करें।

श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी बंधन

दिनांक 20.03.2025, गुरुवार
समय : दोपहर 3 बजे से
स्थान : श्री सनातन धर्म सभा, शंकर रोड, राजेंद्र नगर नई दिल्ली-110060

॥ शोकाकुल ॥
भ्राता- ओम प्रकाश मंडल, दिनेश कुमार मंडल, डॉ. मनीष कुमार मंडल
पुत्र- सतीश कुमार मंडल, प्रदीप कुमार मंडल, प्रशांत कुमार मंडल,
पुत्री- पूजा

आरती स्पंज एवं शक्ति ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़
9977701715, 9111188888



धार्मिक

डा. ज्योति चंद्राकर

## होलिका दहन में डाड़ गाड़ना और कुंवारी होली



एहोलिका दहन असत्य पर सत्य के विजय का त्योहार माना जाता है। पुराणों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन बुआ होलिका ने भतीजे प्रहलाद को गोद में बिठाकर जलाना चाहा था,परंतु स्वयं जलकर राख हो गई और विष्णु भक्त प्रहलाद बच गया। इसी याद में रात्रि में होलिका दहन फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष के चतुर्दशी को किया जाता है। होलिका दहन प्रतीक है ,अत्याचार के विनाश का। जिसमें असत्य रूपी होलिका जल जाती है और सत्य रूपी प्रहलाद बच जाता है। होलिका दहन का त्योहार सामुदायिकता का त्यौहार है जिसे अंचल में सभी जाति के लोग समूह में मिलकर मनाते हैं । ग्रामीण अंचल में होलिका दहन का त्यौहार बसंत पंचमी के दिन से शुरू हो जाता है। वसंत पंचमी के दिन अरंड (अरंडी ) पेड़ की टहनी गांव के होलिका दहन करने वाले स्थल में गड़ा दी जाती है। इसी दिन से गांव में लकड़ी इकट्ठा करना, नगाड़ा बजाना शुरू किया जाता है। इस प्रकार एक महीने तक लकड़ी इकट्ठी की जाती है । ग्रामीण इसे डाड़ गाड़ना कहते हैं। गांव के सभी वर्ग के पुरुष होलिका दहन के मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन करते हैं। पूर्व समय में ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन के समय बैगा द्वारा पूजा कर मंत्र जाप करने के पश्चात चकमक पत्थर से अग्नि उत्पन्न कर उससे होलिका जलाई जाती थी, जिसे कुंवारी होली कहा जाता था। वर्तमान समय में चकमक पत्थर का उपयोग नहीं किया जाता।

लोकगीत

डा. राजन यादव

## अंचल में होली के अवसर पर गाए जाते हैं फाग गीत



छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख त्योहार दीपावली और होली का सम्बन्ध फसल चक्र से है। दीपावली खरीफ फसल से जुड़ा है तो होली रबी फसल से। फाग लोक गीतों का एक सरस अंग है। फाग गीत एक परिष्कृत तथा सांस्कृतिक रुचि का निर्देशन भी है। छत्तीसगढ़ में फाग गीत बसंत पंचमी से चैत्र पूर्णिमा तक सभी लोगों द्वारा नगाड़ा, टिमकी, टासक, मंजीरा आदि वाद्यों के साथ गाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन लोग अरंड वृक्ष की एक शाखा काट कर शहर या गांव के उस स्थान पर स्थापित करते हैं जहां होलिका दहन किया जाता है। गांव के चौपाल या मंदिर के चबूतरों या प्रांगण में रात्रि के समय लोग एकत्र होकर फाग गाते हैं। शास्त्र की तरह लोक में भी प्रथम पूजित गणेश जी का पावन स्मरण किया जाता है। वंदना परक फाग गीतों में भी जवांरा गीत की भांति एक ही गीत में कई देवी देवताओं के प्रसंग आते हैं -

ए हो प्रथम चरण गणपति को हो  
गणपति को मनाव, प्रथम चरण गणपति को।  
काकर पुत गणपति भए, का पुत हनुमान।  
काकर पुत भैरव भए, काकर पुत भगवान ।

छत्तीसगढ़ी फाग गीतों के कथानक विस्तृत होते हैं। फाग गीतों में सभी देवताओं को बराबर स्मरण किया जाता है। युवा जन अपनी प्रेम भावना को राधा कृष्ण के प्रेम प्रसंगों के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

परब विशेष

कमल नारायण

## कवर्धा के आदिवासी तेरह दिनों तक मनाते हैं होली



छत्तीसगढ़ का अधिकांश हिस्सा आदिवासी बाहुल्य है, जिसमें होली त्योहार मनाने की परम्परा अन्य स्थानों से भिन्न होती हैं। यह आदिवासी वर्ष भर विभिन्न तीज त्योहारों उत्सव को रंगीन बनाने के लिए अलग-अलग तरीके से नाच गाना करते हैं। इनके उत्सव के अपने अलग रंग होते हैं। इसी तरह कबीरधाम जिले में निवासरत बैगा जनजाति फागुन तेरस तक होली मनाते हैं। खासकर यहां के बोड़ला और पंडरिया विकास खंड में आदिवासी एक दूसरे के गांवों में जाकर होली खेलते हैं जिसे खेकड़ा और खेकड़ी के नाम से जाना जाता है। यहां प्रस्तुत किए जाने वाले गीत और नृत्य को करमा फाग गीत कहते हैं। नृत्य के दौरान पुरुष और महिला मुखौटा पहने रहते हैं। गीत और नृत्य प्रस्तुति के समय नर्तक दलों द्वारा विशेष श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं श्रृंगार में तोड़ा, पहुंची, रुपिया माला, करधन और कौड़ी का उपयोग करते हैं। पुरुष वर्ग काली जैकेट, कमीज, सालुखा, मोर पंख की कलगी और गले में माला धारण करते हैं। सभी कलाकार अपने अनुसार , टासक वाद्य यंत्र का उपयोग करते हैं।

दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी देवी के मंदिर में कलश स्थापना के बाद फागुन मड़ई का शुभारंभ होता है। षष्ठी के दिन मड़ई के शुरुआत के दूसरे दिन तालाब से ताड़ के पत्तों को धोकर होलिका दहन के लिए रखा जाता है। मान मनौती और पूजा पाठ के साथ सामाजिक मेल मिलाप मड़ई का आकर्षण होता है। दंतेश्वरी माता की डोली में आंवले का फल चढ़ाया जाता है और बाद में लोग एक दूसरे पर आंवले की बौछार करते हैं। आमंत्रित देवी देवताओं को मेडका डबरा में ठहराया जाता है। दस दिनों की इस फागुन मड़ई में पूरी बस्ती लोकगीतों और लोक नृत्यों से गूंजती रहती हैं।





# दंतेवाड़ा में देवी-देवताओं के बीच मनाई जाती है फागुन मड़ई

बस्तर अंचल में दंतेवाड़ा की फागुन मड़ई का अपना अलग ही महत्व है। फागुन मड़ई के उल्लास में शामिल होने की दावत देव गुड़ियों में विराजमान देवी देवताओं को भी दी जाती है। वैसे इन देवी देवताओं की संख्या अधिक होती है। ग्रामीण जनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 39 गांवों की 55 देवियों को मड़ई में आमंत्रित किया जाता है, जबकि ग्राम बालूद के हिरमराज देव ही अकेले देवता के रूप में बुलाए जाते हैं। आमंत्रित देवियों में टेकानार की परदेशीन माता, हिरमा माता, शीतला माता, कोलाकामिनी माता, बालपेट की गंगना देवी, मटेनार की सेमरिया माता, बेलगुर की पातका देवी, मलेनार की पीलाबाई, कारली की धांस बोडिन माता प्रमुख हैं। दंतेश्वरी देवी के कलश स्थापना के बाद फागुन मड़ई का शुभारंभ होता है। षष्ठी के दिन मड़ई के शुरुआत के दूसरे दिन तालाब से ताड़ के पत्तों को धोकर होलिका दहन के लिए रखा जाता है, इसे ताड़ पलंगा विधान कहते हैं। अष्टमी के दिन खोर खोदनी विधान होता है। अर्थात आदिवासियों का समूह



तीज तिहार: अश्विनी केशरवानी

दन्तेश्वरी देवी के सामने नृत्य करता है। अगले दिन मांडनी विधान में भी नृत्य किया जाता है। मान मनौती और पूजा पाठ के साथ सामाजिक मेल मिलाप मड़ई का आकर्षण होता है। फागुन मड़ई के अगले दिन चार दिन क्रमशः लम्हामार, कोडरीमार, चीतलमार, और गबरमार का आयोजन होता है। लम्हा यानि खरगोश, चीतल शिकार का स्वांग रचा जाता है। चतुर्दशी के दिन आंवरामार का आयोजन होता है। दंतेश्वरी माता की डोली में आंवले का फल चढ़ाया जाता है और बाद में लोग एक दूसरे पर आंवले की बौछार करते हैं। इसमें दर्शकों का मनोरंजन होता है। षष्ठी से लेकर दंतेवाड़ा के मड़का डबरा मैदान में फागुन माह के शुक्ल पक्ष के छठवें दिन दंतेश्वरी देवी का कलश स्थापित होता है। आमंत्रित देवी देवताओं को भी मेडका डबरा में ठहराया जाता है। रंग बिरंगी पालकी में ग्रामवासी इन्हें यहां लाते हैं। दस दिनों की इस फागुन मड़ई में पूरी बस्ती लोकगीतों और लोक नृत्यों से गूंजती रहती हैं। बसंत ऋतु में दंतेवाड़ा का जन जीवन फागुन मड़ई के सम्मोहन में बंध कर शंखनी और डंकनी नदी के संगम में इकट्ठा होने लगता है।

पर्यटन : तपेश जैन

## सरगुजा अंचल के महत्वपूर्ण स्थलों में कैलाश गुफा



जशपुर अंचल में बगीचा से बतौली से होकर करीब 40 किलोमीटर गायबुड़ा के जंगल में कैलाश गुफा स्थित है। बताया जाता है कि यहां कभी भी बारिश गिरने लगती है। वर्ष भर यहां अधिकतर वर्षा होते देखी जाती है। गुफा के अंदर से बादल को निहारने पर ऐसा लगता है मानों हम पहाड़ की चोटी से बादल के करीब ही हैं। यह कैलाश गुफा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत गहिरा गुरु की तपोस्थली रही है। इस स्थल पर भगवान शिव का मंदिर दर्शनीय है। कैलाश गुफा के आसपास दुर्लभ प्रजाति की जड़ी बूटियां पाई जाती हैं । यहां पाई जाने वाली एक तेज बल वृक्ष प्रसिद्ध धाम केदारनाथ के बाद कैलाश गुफा में ही पाया जाता है, तेजबल वृक्ष की पत्तियां औषधि गुण से परिपूर्ण हैं। कैलाश गुफा के संदर्भ में संत गहिरा गुरु के पुत्र व वभ्रुवाहन बताते हैं कि यह स्थान प्राचीन ऋषि परंपरा का साक्षी है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हरियाली लिए कैलाश गुफा सरगुजा अंचल का सबसे ज्यादा महत्व का पर्यटन स्थल है।

लोक साहित्य

मृणालिका ओझा

## छत्तीसगढ़ी लोक कथाओं में लोक विश्वास

छत्तीसगढ़ी लोककथाएं लोक विश्वास रूपी रक्त द्वारा ही संचालित हैं। विश्व की समस्त लोक कथाओं में वहां के लोक मानस में व्याप्त लोक विश्वासों के छाप अंकित हैं। यह लोक विश्वास यदि एक ओर उन मान्यताओं की ओर संकेत करते हैं, जो हमारी आज की मान्यताओं तक की सुदीर्घ यात्रा में तय की गई दूरी को बताते हैं, तो दूसरी ओर हमारे आदिम जीवन के उस मस्तिष्क को भी प्रमाणित करते हैं जो कच्ची मिट्टी के घड़े सदृश था। छोटी छोटी घटनाएं मनुष्य को रहस्यमय ढंग से सोचने को विवश करती थीं, यह बात लोक कथाओं में व्यक्त लोक विश्वासों द्वारा ही अनुमानित हो सकती हैं। जब मनुज मस्तिष्क इतना सुविकसित व परिष्कृत नहीं था, जो किसी परिणाम के वास्तविक कारणों का पता लगा सके। अतः इन लोक विश्वासों के सहारे हम मनुष्य के हजारों हजारों वर्ष पूर्व व्यतीत जीवन को टटोलते हैं। इनमें से कुछ लोक विश्वास तो पारंपरिक होते हैं और कुछ सामयिक परिस्थितियों से उत्पन्न होते हैं। भय और आशंकाओं से पूरित मानव मन न मालूम कितने विश्वासों को जन्म दे रहा है और कितनों को जीवित रखने में सहायक बना है। कुछ विद्वानों के अनुसार अविवेक एवं अज्ञान ही लोक विश्वासों का जनक है। इस कथन की सत्यता पर हम विचार करने के लिए तब विवश हो जाते हैं जब आज के शिक्षित समाज में भी इन लोक विश्वासों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में श्वास लेते हुए देखते हैं। सभ्यता की चोटी पर पहुंचे देशों में आज भी जानवरों व पक्षियों के दर्शन, उनके द्वारा पथ पर आड़ करने, छींक आदि से संबंधित सैकड़ों लोक विश्वास व्याप्त हैं प्रायः विश्व के सभी देशों में यह अपने विभिन्न फलादेश के साथ मान्यता प्राप्त है जो हमारे आदिम संस्कारों के अवशेष हैं।



परम्परा

डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज'

## रंगों से मिलन का पर्व होली

**छत्तीसगढ़ की पवित्र वसुंधरा ने न केवल दिव्य रत्नों को जन्म दी हैं वरन् बहुजन हिताय की सूक्तिवाक्यों को आत्मसात भी किया है। इसके हृदय स्थल में विविध पर्वों ने अठखेलियां की हैं और लोकमानस को आह्लादित भी किया है। तभी तो यहां की लोकधारा गा उठती है -**
**करता पहुनाई जन-जन का,जहां आँखों का पानी।**
**किशन के प्रेम रंगों में भीगती जहां राधा दीवानी।**
**सनातन धर्म में होलिका पूजन का विशेष महत्व है।जो सुख -सौभाग्य प्राप्ति का माध्यम भी है। जहां वसुधैव कुटुम्बकम् की पवित्र भावना फलीभूत होती हुई दृष्टिगोचर होती है।**

छत्तीसगढ़ में होलिका पूजन की अपनी अनूठी परम्परा और मान्यताएं विद्यमान हैजो कहीं न कहीं निश्चित रूप से 'सर्वेभवन्तु सुखिनः'की पवित्र भावना से अनुप्राणित सा लगता है। होलिका पूजन में जो यज्ञाहुतियां दी जाती हैं। उसके पीछे भी लोक धारणाएं और प्राचीन मान्यताएं हैं। जैसे -घी और सरसों तेल के दिये जलाना, सात गेहूं की बालियां और सात सफेद सूत के (धागे), हल्दी का तिलक,रोली, सिन्दूर, श्रीफल, लौंग, कपूर, काले तिल के दाने, राई, गाय के गोबर की उपलें (कंडा या छेना), चांवल, दही, हलुवा, मालपुवा और अरंड (अंडा) पेड़ की टहनी गाड़ना आदि। ऐसा मानना है कि सरसों तेल के दिये जलाने से भगवान काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

सात गेहूं की बालियां सप्ताह में सात दिन, विवाह में सात फेरे और सात अंक शुभ का प्रतीक है। सात कच्चे सफेद सूत का संबंध शनि ग्रह से है। इसके अर्पण से शनिदोष से मुक्ति मिलती है। उपलों को सात धागों से बांधने से बुरी शक्तियां बंध जाती हैं। सात पान के पत्ते चाहे अरंड या कपूरी पान के हो। इसके अग्निहोत्र से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और उन्नति की प्राप्ति होती



है। लौंग और कपूर की आहुतियों से सुख -शांति, धनवृद्धि, घर में बरकत और पितृ व देवदोषों के अलावा कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। काले तिल के दाने,नमक व राई से बाधाएं दूर ,पुण्य की प्राप्ति होती हैं। नारियल अर्पण से दृष्टिदोष, शारीरिक और मानसिक समस्याओं का निवारण होता है। होली की भस्म मस्तक पर धारण करने से राहु-केतु की महादशा से मुक्ति, पारिवारिक क्लेश और विवाद का अंत व वास्तुदोष का निवारण होता है। गाय के गोबर की उपलें नकारात्मक शक्तियों, घरेलू परेशानियों को दूर कर वातावरण को शुद्धता प्रदान करती हैं।

अरंड (अंडा) पेड़ की टहनी गाड़ने से समस्त रोगों का अवसान होता है और ये सहज रूप से गांव -शहर में उपलब्ध हो जाती हैं। इसके फल, पत्तियां, टहनियां रोगकारक जीवाणु , कीटाणु से रक्षा करती हैं। दुर्भिक्ष (अकाल), भूखमरी और रूग्णता से मुक्ति दिलाती है।

होली की रात्रि दैवी की जागरण की रात्रि होती है। तभी तो भक्तों और श्रद्धालुओं की मंडलियां भक्ति भाव से गा उठती हैं-अरे!सर ररा सुन ले मोर कबीर..

प्रथम चरण गणपति को मनाव, गणपति को मनाव।....अरे!

हां हां दे दे बुल ऊवा राधे को,  
के ब्रज में होली होय।...

फागुन महराज अब के गये कब अइ हव।...

होली,प्रेम के रंगों में सराबोर हो जाने का संदेश देती है। साथ ही अभद्रता का त्याग कर भद्रता को अपनाने का पुरजोर समर्थन करती है। होली ,निष्कलुषित प्रेम का परिचायक है । जो भाईचारे के साथ जीने का आह्वान करती है। अंत में-

आओ खो जाएं हँसी ठिठोली में।

## जैकेट के शेष

### अमन को ट्रांजिट ....

भी कई केस दर्ज है। इसी केस में अमन से पूछताछ के लिए झारखंड पुलिस अमन को 10 मार्च को रिमांड पर लेकर रायपुर सेंट्रल जेल से रांची लेकर जा रही थी। अमन को रांची लेने जाने के लिए झारखंड से शस्त्र पुलिस की टीम पहुंची हुई थी। यह टीम अमन को रायपुर से रात करीब साढ़े आठ बजे लेकर रांची के लिए रवाना हुई थी। उसे 12 मार्च को एटीएस कोर्ट में पेश किया जाना था। बताया गया कि 11 मार्च को सुबह करीब 9.15 बजे अमन कारे जिस पुलिस गाड़ी में बिठाकर ले जाया जा रहा था, वह गाड़ी पलामु के चैनपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होते ही अमन मौके का फायदा उठाकर एक पुलिस जवान की रायफल छीनकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस के जवान उसे पकड़ने जब उसके पीछे दौड़े, तो अमन ने फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में पुलिस के एक जवान को गोली भी लगी। इसके बाद पुलिस ने भी अमन पर फायरिंग की, जिससे गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

### बिजली गुल फसल ....

परिजनों को किसान पूरन निषाद की लाश खेत के ही पेड़ में लटकी मिली। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के बेटे ने बताया कि मृतक ने झलप स्थित जिला सहकारी बैंक की झलप शाखा से डेढ़ लाख का केसीसी कर्ज लिया था। इसके अलावा भी साहूकारों से लगभग डेढ़ लाख का कर्ज होने की बात सामने आई है। मृतक के पुत्र तुलेश्वर निषाद ने बताया कि खेती-बाड़ी की वजह से पिता परेशान थे। खेत में बोर खुदवाए थे, जिसमें से एक बोर चल रहा था, लेकिन बिजली कटौती की वजह से खेत पूरी तरह सूख गया। उन्होंने बताया कि छह से आठ घंटे कटौती होती है। ऑपरेटर अगर सो जाता है तो रात भर बिजली गुल रहती है। बिजली कटौती से खेत में लगी खड़ी फसल को हो रहे नुकसान से मृतक परेशान था।

### ईडी अफसरों के ....

सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की टीम सोमवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बंगले से लौट रही थी। इस दौरान वहां पर सन्नी अग्रवाल एवं अन्य साथियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान ईडी के वाहनों पर पत्थर फेंके और टीम का मार्ग रोकने का प्रयास किया। वाहन चालक की रिपोर्ट पर भिलाई-3 पुलिस ने सन्नी अग्रवाल सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 3 एलसीजी, 126 (2) बीएनएस 132, 190, 191 (2), 221 के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है। सीएसपी पाटिल का कहना है कि आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। आरोपियों की शिनाख्ति के लिए टेक्निकल साक्ष्य का गहन परीक्षण किया जा रहा है।

### ईडी के कार ....

कारों में सवार थी कार क्षतिग्रस्त हुए। सोमवार की रात 10:30 बजे ईडी के कार ड्राइवर की रिपोर्ट पर भिलाई-3 पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

### 3000 से अधिक ....

योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सरकार की एक प्रमुख योजना है, जो भारत की आबादी के आर्थिक रूप से कमजोर निचले 40 प्रतिशत 12.37 करोड़ परिवारों के अनुरूप लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर, 2024 को 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने के लिए एबी-पीएमजेएवाई के विस्तार की घोषणा की। विस्तार के तहत, 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' मिल रहा है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

**बुजुर्गों के लिए खास सुविधा :** 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद पांच लाख रुपए का मुफ्त स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। एबी-पीएमजेएवाई के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलता है। इस योजना का विस्तार 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को कवर करने के लिए किया गया था।

### दावों की जांच ....

कि एबी-पीएमजेएवाई के तहत, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है, जिसमें प्रत्येक स्तर पर समर्पित नोडल अधिकारी और समितियां हैं।

## पेज एक के शेष

### नक्सलवाद पर श्रीश्री रविशंकर...

आप सभी मुख्य धारा में लौट आइए। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ और पूरे भारत को एक नई दिशा देंगे।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि हर गांव में पानी, बिजली, शिक्षक, प्रशिक्षण और नौकरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। श्रीश्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को शांति से पूरा करें और समाज के साथ मिलकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे।

### नौकरशाहों को जमीनी...

सामने आए हैं, जिनमें नौकरशाहों ने पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया। पीठ ने कहा, हमने दो-तीन मामलों में फैसला सुनाया है, जिनमें बाबू निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करते पाए गए थे। ऐसा आम तौर पर महाराष्ट्र में हो रहा है। इन बाबुओं को निर्वाचित प्रतिनिधियों के अधीन होना चाहिए। इन नौकरशाहों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को विफल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उसने कहा कि न्यायालय को यह भी पता चला है कि नौकरशाह खासतौर पर जमीनी स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को अयोग्य ठहराने के लिए पुराने मामलों को खोलने की कोशिश कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अर्चना सचिन भोसले के वकील से कहा, वे (नौकरशाह) पुराने मामलों को खोलने का प्रयास करते हैं, जैसे कि आपके दादा ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है, इसलिए आप अयोग्य हैं। उच्च न्यायालय ने सरपंच के रूप में अर्चना का निर्वाचन 29 जनवरी को रद्द कर दिया था। कलावती राजेंद्र कोकाले को सरपंच के रूप में बहाल करते हुए शीर्ष अदालत ने रायगढ़ के जिलाधिकारी के सात जून 2024 के उस आदेश को रद्द करने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा, जिसके तहत रोहा तालुका के ऐंघर गांव में सरपंच पद खाली होने की घोषणा की गई थी और चुनाव कराने के लिए एक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। पीठ ने सात मार्च को पारित आदेश में कहा, हम उच्च न्यायालय की ओर से अपनाए गए दृष्टिकोण से सहमत हैं। **हाईकोर्ट ने कलेक्टर के आदेश को किया था रद्द :** उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी के आदेश को अवैध और रद्द किए जाने योग्य करार दिया था। इसके चलते भोसले का निर्वाचन शुरू से ही शून्य माना गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था, चूंकि, याचिकाकर्ता ने सरपंच का पद नहीं छोड़ा, इसलिए प्रतिवादी संख्या 4 के उस पद पर निर्वाचित होने का कोई सवाल ही नहीं है।

### चैंबर चुनाव हुआ...

बाद यह निर्णय लिया है। हरिभूमि से बातचीत में अमर पारवानी ने कहा कि पूरा प्रदेश के व्यापारियों से मिलने के बाद जय व्यापार पैनल के हित को ध्यान में रखते हुये आगामी चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी ये अपना नाम वापस ले रहे हैं, लेकिन व्यापारिक समाज की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे संकल्पित रहेंगे। यह निर्णय किसी व्यक्तिगत लाभ या हानि से परे व्यापारी समाज के हित में संगठन की गरिमा को ध्यान में रखकर लिया गया है।

**पारवानी का चुनाव न लड़ना हमारी नैतिक जीत : शिव ग्वालानी :** विसिल ब्लोअर शिव ग्वालानी ने कहा है कि अमर पारवानी का चैंबर चुनाव न लड़ना हमारी नैतिक जीत है।

हमने चुनाव पर स्टे नहीं मांगा है, बल्कि अपात्र लोगों को चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की है। पुराने संविधान में दो कार्यकाल पूरे कर चुके प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। श्री पारवानी का चैंबर में अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल हो चुका है इस लिहाज से वे अपात्र हो जाते। उन्होंने संविधान में संशोधन नहीं किया। पारवानी का चुनाव न लड़ना हमारी नैतिक जीत है।

### नए चेहरे के लिए...

का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें चैंबर चुनाव नहीं लड़ना था। नये संविधान और रजिस्ट्रार के फैसले पर व्यापारी एकता पैनल ने स्थगन मांगा है। चुनाव पुराने संविधान पर कराने की मांग की है।

# महाराष्ट्र में अब सिर्फ हिन्दू ही बेचेंगे झटका मांस

## महाराष्ट्र में मल्हार सर्टिफिकेशन की शुरुआत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे ने एक नई शुरुआत की है। उन्होंने महाराष्ट्र में 'मल्हार सर्टिफिकेशन' की शुरुआत की है। इसके तहत राज्यभर में झटका मटन बेचने वाली दुकानों का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। खास बात यह है कि इन दुकानों का संचालन सिर्फ हिंदू करेंगे। इस सर्टिफिकेशन के बाद हिन्दू ग्राहकों को झटका मांस खरीदने में काफी आसानी होगी। इसके लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। मीट की दुकान चलाने वाले हिंदू लोगों को यह सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। मल्हार सर्टिफिकेट लेकर सिर्फ झटका मीट बेचा जाएगा। इससे हिंदू लोगों की झटका मटन बेचने वाली दुकानों तक पहुंचने में आसानी होगी। नितेश राणे ने लोगों से अपील की है कि वो लोग केवल प्रमाणित हिन्दू विक्रेताओं से ही मांस खरीदें। उन्होंने कहा कि इस मल्हार सर्टिफिकेट का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए और हिन्दुओं को बिना मल्हार सर्टिफिकेट वाली दुकानों से मांस नहीं खरीदना चाहिए।

### क्या है मल्हार सर्टिफिकेट की खासियत?

मल्हार सर्टिफिकेट के जरिए मीट बेचने वाले वेंडर्स को वेरिफाइड किया जाएगा। उनकी पूरी जानकारी सरकार के पास उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा हाइजीन और झटका मीट देने वालों की जानकारी भी मिल सकेगी। जानकारी के मुताबिक अब तक दर्जनभर लोग इसके लिए आवेदन दे चुके हैं। सरकार ने इसके लिए मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम पोर्टल लॉन्च किया है।

**आम सूचना**

(ग्राम नरदहा, प.ह.न. 01 तहसील- आरंग, जिला रायपुर )

मेरे पक्षकार से प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशों के अधीन एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता दिलीप कुमार तिवारी, पिता सीताराम तिवारी, निवासी- श्री निकेतन व्यापार विहार रोड, भारती नगर, बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व अधिपत्य की ग्राम-नरदहा प.ह.न. 01, रा.नि.म. - मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर- 1621/1, रकबा- 2.9200 हेक्टयेर में से 79352 वर्गफीट को क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया गया है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर (छ.ग.) दिनांकः-11.03.2025

**श्रीमती मनीषा भंडारकर (अधिवक्ता)**
**Office: H. No. 31/596, Street No. 02B, New Shanti Nagar, Raipur (C.G.) 492007**
**Mob. No. - 94242-06446**

# महू में बवाल: चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के जश्न का विरोध
# उपद्रवियों ने फिर लगाई आग, 40 के खिलाफ एफआईआर, 13 लोग गिरफ्तार

महू। मध्य प्रदेश के महू में चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत के बाद बवाल मचा है। सोमवार की रात उपद्रवियों ने फिर हंगामा किया। चौपाटी पर खड़े ठेलों में आग लगा दी। लोगों ने किसी तरह पानी डालकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने हिंसा भड़काने वाले 40 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 13 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब ठेलों में आग लगाने वाले बदमाशों की तलाश में जुटी है।

आरोपियों पर एनएसए लगाने की तैयारी है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया।

टीम इंडिया की जीत के बाद महू (धार) में रात को 100 से ज्यादा लोग 40 से ज्यादा बाइक पर सवार होकर जुलूस निकाल रहे थे। जूलूस में शामिल लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इसी दौरान जामा मस्जिद के पास कुछ लोग आगे निकल गए। पीछे चल रहे पांच-छह लोगों को दूसरे पक्ष के लोगों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

**पूर्व तट रेलवे**
**सामग्रियों की आपूर्ति**
निविदा सं. 30255294, दिनांक: 05.03.2025
कार्य का नाम : RDSO ड्राइंग नं. T-2572 के अनुसार एवं ACs 8 के साथ ग्लूड जॉइंट री-प्रिंट 2022 के मैनुअल के अनुसार विनिर्देश एवं निविदा सूचना की तिथि तक संशोधित नवीनतम परिवर्तन सहित सभी फिटिंग के साथ 60KG रेल के लिए 6.5 मीटर लम्बे G3 (L) टाइप के ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट का उत्पादन एवं आपूर्ति। वारंटी अवधि : डिलीवरी की तिथि के बाद से 30 महीने। TPI द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 155 संख्यक।
द्रष्टव्य : सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।
निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.04.2025 को 1500 बजे।
संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर
PR-1068/P/24-25

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in
क्र./लो.क.वि./2025/2161 रिसाली, दिनांक 10/03/2025

**निवदा सूचना**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 दर के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 1. | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग तथा सांइनेजेस कार्य। (वार्षिक निविदा) | 20.00 |

नियम एवं शर्ते तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथैरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 5804



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5803 का हल



## सूडोकु नवताल - 5814

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| 2 | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5813 का हल

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# मरी हुई सैकड़ों मुर्गियों को खुले में फेंका, संक्रमण के डर से सहमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाईपास मार्ग बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियों के फेंके जाने से आसपास के गांववाले दहशत में हैं। माहभर पहले ही प्रदेश में बर्डफ्लू की दहशत थी। ग्रामीण संक्रमण के खतरे से डरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मरी हुई मुर्गियों को खुले में फेंके जाने से बीमारियों का खतरा है। संबलपुर से श्यामतराई तक बने बाईपास मार्ग में कई स्थानों पर मृत मुर्गियों को फेंक दिया गया है। इन मुर्गियों को एक स्थान पर नहीं बल्कि एक-एक करके गाड़ी में चलते हुए पूरे मार्ग पर फेंका गया है। अर्जुनी और खपरी के बीच पड़ने वाले ओव्हरब्रिज के पास सर्विस रोड में ही सैकड़ों मुर्गियों को फेंका गया है। इससे उठ रही दुर्गंध से लोग परेशान हो चुके हैं। मार्निंग वॉक पर निकले अर्जुनी के ग्रामीण यदुराम सिन्हा, गायत्री सिन्हा, इंद्राम सिन्हा, बिहारीलाल ध्रुव ने बताया कि तीन दिन पहले इन मुर्गियों को मार्ग पर फेंका गया है।

### बर्ड फ्लू का मामला नहीं

यह मामला बर्डफ्लू का नहीं है। वाहनों में ले जाते वक्त कई मुर्गियां मर जाती हैं। कई बार वाहन चालक इन मुर्गियों को सड़क पर फेंककर चले जाते हैं। यह मामला भी ऐसा ही है। पता चलने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ एमएस बघेल,



### बर्डफ्लू की दहशत

फरवरी माह में रायगढ़ के सरकारी मुर्गी फार्म में बर्डफ्लू का मामला सामने आया था। दहशत के चलते वहां पर हजारों मुर्गियों को मार दिया गया। पूरे प्रदेश में बर्डफ्लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया था। सावधानी भी खूब बरती गई। अब इस प्रकार खुले में बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियों के मिलने से लोग दहशत में हैं। किसी न किसी बीमारी की चपेट आने से इतनी बड़ी मात्रा में मुर्गियों की मौत हुई है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ, छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पता- क्वा. नं 5 एवं 6. पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
वेवसाईट- www.cspc.gov.in, ईमेल- eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं- 0771-2574753

**सूचना**

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों/उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है। असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12.03.2025 बुधवार | सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | 33/11 KV गोंदवारा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. विजय लक्ष्मी फीडर, वरूण फीडर, गोवर्धन नगर फीडर, हीरा फीडर | न्यू गोंदवारा इंडस्ट्रीयल एरिया, रिंग रोड भनपुरी, अनुग्रह रेसीडेंसी, लक्ष्मी विहार, बसंत विहार, सुखराम नगर, गोर्वधन नगर, गोंदवारा, गोगांव के आस-पास का क्षेत्र, गोंदवारा उपकेन्द्र के पीछे का क्षेत्र, गंगा नगर, तिरंगा चौक एवं संबंधित क्षेत्र |

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317. टाटीबंध-2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे/बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक है। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्र. 225777
ई-मेल spofficejdr@gmail.com

क्र./ पु.अ./बस्तर/डीसीआरबी/नारको. सेल / 182/2025
जगदलपुर दिनांक 10/03/2025

**//नीलामी सूचना//**

जिला बस्तर के विभिन्न थाना/चौंकी में नारकोटिक्स मामलों व आबकारी एक्ट के मामलों में जप्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया जिलाधीश बस्तर के आदेशानुसार दिनांक 26.03. 2025 को रक्षित केन्द्र जगदलपुर में प्रातः 11:00 बजे से वाहन जहां है जैसी है की शर्त पर नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी वेबसाईड में दिये गये सूची में दर्शित जिस वाहन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं। उक्त वाहन के मूल्यांकन राशि का 02 प्रतिशत अमानत की राशि ₹जिला आबकारी अधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर₹ के नाम डी.डी. एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से जिला आबकारी कार्यालय जगदलपुर कलेक्टर परिसर जगदलपुर में जमा कराकर उक्त प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी संबंधी जानकारी www.bastar.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी हेतु अमानत राशि (डी.डी) जमा करने की अंतिम तिथी- 25.03.2025
नीलामी की तिथी :- 26.03.2025 के 11:00 बजे
नीलामी स्थान :- पुलिस लाईन जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड के सामने

पुलिस अधीक्षक
बस्तर, जगदलपुर

G-242505883/3

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

PR No. 343433 REO (24-25)D

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः–24/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RANCHI/ 77/2024-25 | बुढ़मू | बुढ़मू मुरूपीरी पथ से मॉडल स्कूल पहानटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0– 1.005 कि0मी0)। | 1,05,60,400.00 | एक करोड़ पाँच लाख साठ हजार चार सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ RANCHI/ 78/2024-25 | बुढ़मू | उमेडण्डा गाँव में कन्डेर मोड़ से हबरूवा पहाड़ भाया आरीद तक पथ निर्माण कार्य (लं0– 2.575 कि0मी0)। | 2,61,04,000.00 | दो करोड़ एकसठ लाख चार हजार रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ RANCHI/ 79/2024-25 | बुढ़मू | चैनगड़ा हाई स्कूल से पलानी भाया गम्हरिया तक पथ निर्माण कार्य (लं0– 3.890 कि0मी0)। | 3,56,39,800.00 | तीन करोड़ छप्पन लाख उनचालीस हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ RANCHI/ 80/2024-25 | रातू | रॉंची डाल्टेनगंज मुख्य पथ से देवीमंडप कमड़े के विभिन्न गलियों भाया पत्रकार कॉलोनी रूपा गुप्ता, ममता देवी के घर एवं सत्या यादव के घर के पास आर0सी0सी0 कल्र्भट तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.500 कि0मी0) | 2,91,06,200.00 | दो करोड़ एक्यानबे लाख छः हजार दो सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ RANCHI/ 81/2024-25 | रातू | जोजो नगर चौक से सर्वोदय नगर रोड नं0–1 एवं 2 नावाटोली किड्स हार्ट स्कूल सिमलिया पंचायत के विभिन्न गलियों में पथ निर्माण कार्य (ल0–3.100 कि0मी0) | 3,40,48,500.00 | तीन करोड़ चालीस लाख अड़तालीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/ RANCHI/ 82/2024-25 | रातू | दयाल नगर बजरंगबली मंदिर से सरयू नगर एवं गणपति विहार कॉलोनी के विभिन्न गलियों में पथ निर्माण कार्य (ल0–1.805 कि0मी0) | 2,36,17,900.00 | दो करोड़ छत्तीस लाख सत्तरह हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 7 | RWD/ RANCHI/ 83/2024-25 | नामकुम | एन0एच0–33 टाटा रोड से सरईटोली भाया पिरिटोला तक पथ निर्माण कार्य (ल0–1.800 कि0मी0) | 1,96,57,000.00 | एक करोड़ छियानबे लाख सन्तावन हजार रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 8 | RWD/ RANCHI/ 84/2024-25 | रातू | मुरपु से कोकरो तक पथ निर्माण कार्य (ल0–2.450 कि0मी0) | 3,42,00,300.00 | तीन करोड़ बियालीस लाख तीन सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–**12.03.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–**19.03.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**21.03.2025** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 348397 REO(24-25)#D

## लाखों रुपए के गांजा के साथ ओडिशा का तस्कर गिरफ्तार



जगदलपुर। नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने बस स्टैण्ड में ग्राहक का इंतजार कर रहे ओडिशा के तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2.13 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बस स्टैंड में बस के पीछे खडे होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है उसकके पास रखे बोरे से गांजा की महक आ रही है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दासी बढ़नायक 34 वर्ष निवासी ग्राम सुकू थाना कोरापुट ओडिशा को घेराबंदी कर पकड़ा।आरोपी के कब्जे से 21.350 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 13 हजार 5 सौ रूपए आंका गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

Phone. +91-7856-252240 91-7856-252475
Gmail:- pwddantewada@gmail.com

ज्ञाप क्रमांक 08 /स्कंध/लो.नि.वि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 10/03/2025

**-:: मूल्यकथन आमंत्रण सूचना ::-**

वर्ष 2025 हेतु बस्तर पंडुम कार्यक्रम के दौरान लगने वाले टेन्ट, साज-सज्जा व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु मूल्यकथन आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार दिनाँक 17-03-2025 को दोपहर 1:00 बजे के पूर्व इस कार्यालय में संबंधित दस्तावेज जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा में निहित विस्तृत विवरण की जानकारी कार्यालयीन अवधि में इस कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है । निविदा इसी दिन संध्या 4:00 बजे खोली जावेगीं ।

सहपत्रः-उपरोक्तानुसार।

कार्यपालन अभियन्ता,
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर
संभाग, दन्तेवाड़ा

G-242505894/3

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**// निविदा आमंत्रण सूचना // (वित्तीय वर्ष 2025-26)**

:: निविदा विज्ञप्ति क्रमांक /पु/कधा/रनि/एमटी/निविदा/219 /2025 दिनांक 06/03/2025

इसके अलावा सॉफ्टवेयर और जेनरेटिव एआई क्षेत्रों ने भी 1.7 अरब डॉलर जुटाकर वित्तपोषण की गति को बनाए रखा। रिपोर्ट कहती है कि बड़े यानी एंजल निवेशकों से लिए जाने वाले कर की व्यवस्था को खत्म करना, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर की दरों को कम करना और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक पंजीकरण को आसान बनाने जैसी सरकारी पहल ने स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल तैयार किया है।

### नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया

भारतीय उद्यम और वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के अध्यक्ष रजत टंडन ने कहा, '2024 में शुरू किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है, जिससे 2025 के लिए एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है। हमें खासकर विकास-चरण के निवेश में सौदे बढ़ने की उम्मीद है।'

# खाद्य तेल आयात फरवरी में आठ प्रतिशत घटा

सालाना आधार पर घटकर 8.85 लाख टन पर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल फरवरी में भारत का खाद्य तेल आयात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 8,85,561 टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए से आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी, 2024 में खाद्य तेलों का आयात 9,58,852 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल) का आयात फरवरी, 2024 के 9,65,852 टन की तुलना में सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रह गया। इसमें 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन अखाद्य तेल शामिल हैं।

■ फरवरी 2024 में आयात 9,58, 852 टन रहा

### बंदरगाह तक पहुंचने की कीमत मजबूत हुई

पिछले कुछ सप्ताह में, भारतीय बाजार में बंदरगाह तक पहुंचने की लागत के सापेक्ष कच्चे पाम तेल की कीमतें थोड़ी मजबूत हुई हैं। इसने कहा, ''हालांकि, वैश्विक बाजार में कमजोर मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता निकट भविष्य में भारतीय पामतेल आयात घटा सकती है। एसोसिएशन ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वनस्पति तेल की खपत में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दिसंबर में बढ़कर 119 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या दिसंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 118.99 करोड़ हो गयी। इसमें जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नवंबर में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी।

■ जियो मोबाइल व फिक्स्ड लाइन में सबसे आगे

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम 47.66 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद भारती एयरटेल (28.93 करोड़) और वोडाफोन आइडिया (12.64 करोड़) का स्थान था। शहरी टेलीफोन ग्राहक बढ़कर दिसंबर में 66.34 करोड़ हो गए, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 65.99 करोड़ था। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण ग्राहक घटकर 52.66 करोड़ हो गये जो इससे पिछले महीने में 52.73 करोड़ थे। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलेस ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 115.07 करोड़ हो गयी जो इससे पिछले महीने नवंबर में 114.87 करोड़ थी। दिसंबर के अंत में वायरलेस टेलीघनत्व बढ़कर 81.67 प्रतिशत हो गया, जबकि नवंबर के अंत में यह 81.59 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने 39,06,123 वायरलेस ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने इस अवधि के दौरान 10,33,009 ग्राहकों को जोड़ा।



### वायर लाइन ग्राहकों की संख्या बढ़ी

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलाइन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत में बढ़कर 3.93 करोड़ हो गई, जो एक महीने पहले नवंबर, 2024 में 3.85 करोड़ थी। इससे देश में समग्र वायरलाइन टेली-घनत्व 2.73 प्रतिशत से बढ़कर 2.79 प्रतिशत हो गया।

# सोने में तेजी लौटी, चांदी फिसली

### सोना बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोने में तीन दिनों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई तथा मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत मजबूती के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

■ चांदी में 350 रुपए गिरकर 98,900 रुपए किलो रही

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की तेजी के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो पहले 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 40 रुपये की तेजी के साथ 88,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलिवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 19.30 डॉलर बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।



# खादी कारीगरों की मजदूरी अप्रैल से 20 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस साल एक अप्रैल से खादी कारीगरों की मजदूरी 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी। मौजूदा समय में, 'स्पिनर' को चरखे पर प्रति हांक कताई के लिए 12.50 रुपये मिलते हैं, जिसे एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। बढ़ी हुई दर के अनुसार, उन्हें 15 रुपये प्रति हांक स्पून मिलेंगे। केवीआईसी के चेयरमैन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने चेयरमैन के हवाले से बयान में कहा, ''खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री पांच गुना होकर 31,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,000 करोड़ रुपये हो गई। खादी के कपड़ों की बिक्री छह गुना बढ़ गई यानी पहले के 1,081 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई।''

■ केवीआईसी के चेयरमैन ने दी जानकारी

■ एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपए तक बढ़ाया जाएगा

बयान में कहा गया, ''कुल मिलाकर, 10.17 लाख नए व्यक्तियों को वित्त वर्ष 2023-24 में रोजगार मिला।'' उन्होंने कहा, ''अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन और बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति ने कारीगरों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।



### बुनकरों की आय में हुई वृद्धि

सरकार ने स्पिनरों और बुनकरों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे पहले, 17 सितंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर, कारीगरों की मजदूरी में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।' इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है।



# गिरावट से उबरकर सेंसेक्स निफ्टी लगभग स्थिर बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति और अन्य आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखने को तरजीह दी। घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो (वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश) में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि अमेरिका में नरमी की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ।

■ आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने दूरी बनाई

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स शुरू में कमजोर खुला और कारोबार के दौरान, एक समय यह 451.57 अंक तक लुढ़का कर 73,633.60 अंक तक आ गया था। निफ्टी 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक नरमी की चिंताओं के बीच अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।''



### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में सर्वाधिक गिरावट इंडसइंड बैंक में आई। सेंसेक्स में शामिल अन्य शेयरों में इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन शामिल हैं।

## बैंक को लेखा चूक से 2,100 करोड़ रुपए का नुकसान

# इंडसइंड बैंक के शेयर में आया भूचाल, 27% टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।

■ प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर टूटा

इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया।




### एजेंसी अप्रैल के शुरूआत में देगी रिपोर्ट

बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है।

### ब्रोकरेज हाउसेज ने घटाया टारगेट प्राइस

इंडसइंड बैंक के डेरीवेटिव्स पोर्टफोलियो में नुकसान की बातें सामने आने के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है। बीएसई सेंसेक्स 30 में शामिल इस स्टॉक के टारगेट प्राइस को नुवामा इंस्टीट्यूशल इक्विटीज ने घटाकर 750 रुपए कर दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अलावा मॉर्गन स्टैनली ने भी टारगेट प्राइस घटा दिया है।

### जांच के लिए बाहरी एजेंसी नियुक्त

बैंक की आंतरिक समीक्षा के अनुसार, इस वजह से दिसंबर, 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के लगभग 2.35 प्रतिशत तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों ने विसंगति के चलते 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। बैंक ने आंतरिक निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा और सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की है।

### बैंक के पास प्रबंधन के लिए पर्याप्त पूंजी

कठपालिया ने कहा, ''बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता इस एकमुश्त प्रभाव को झेलने के लिए बेहतर स्थिति में है। इस समस्या की पहचान बैंक ने खुद की... बैंक के पास इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त भंडार और पूंजी है।''

### शेयर एक साल के निचले स्तर पर

इंडसइंड बैंक का शेयर बीएसई में 27.17 प्रतिशत गिरकर 655.95 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 649 रुपये प्रति शेयर के अपने एक साल के निचले स्तर को छुआ।

# आईपीएल के इतिहास में विराट ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच, टॉप 10 में चार विदेशी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 22 मार्च से 18वें सीजन का आगाज होगा। इस बार कई टीमें बदली-बदली नजर आने वाली हैं, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद प्लेयर इधर-उधर हुए हैं। 4-5 टीमों ने अपने कप्तान बदले हैं।

18वें सीजन में एक तरफ जहां चौके-छक्के दिखेंगे तो वहीं दूसरी तरफ फील्डिंग में भी कमाल दिखने वाला है। इन टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कैच लपकने में कोई गलती नहीं करते.।आईपीएल के इतिहास में 10 ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपनी फील्डिंग से ना सिर्फ सबका दिल जीता बल्कि सबसे ज्यादा कैच पकड़ने की लिस्ट में जगह बनाई।



## लिस्ट में भारतीयों का जलवा

सबसे ज्यादा कैच लेने की लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा है। नंबर एक पर सबके चहेते विराट कोहली हैं, जिनके नाम अब तक 114 कैच हैं. दूसरे नंबर पर मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने अपने करियर में 109 कैच लिए थे। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी ...

### कोहली : 114 कैच

साल 2008 से 2024 तक विराट कोहली ने आईपीएल में 252 मैच खेले और 114 कैच लिए।

### रैना : 109 कैच

चेन्नई और गुजरात लायंस के लिए खेलने वाले सुरेश रैना ने 205 मैचों में 109 कैच लिए हैं।

### पोलार्ड : 103 कैच

वर्ष 2010 से 2022 तक आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने अपने करियर के 189 मैचों में 103 कैच लपके हैं।



### जडेजा ने किए 103 शिकार

आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेल चुके रवींद्र जडेजा ने 240 मैचों में 103 कैच लिए हैं। वो आईपीएल 2025 में सीएसके का हिस्सा हैं।

### रोहित ने 101 को किया आउट

मुंबई इंडियंस के लिए अपनी कप्तानी में 5 खिताब दिलाने वाले रोहित ने 257 मैचों में 101 कैच लिए हैं. इस बार वो बतौर कप्तान नजर आएंगे।

### शिखर धवन 99 कैच

बाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने 2008 से 2024 तक 222 मैचों में 99 कैच लिए. वो आईपीएल 2025 में नजर नहीं आएंगे.

**डिविलियर्स 90 को भेजा वापस**

आईपीएल में 2008 से 2021 तक आरसीबी के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने 184 मैचों में 90 कैच लिए थे।

**वॉर्नर 86, पांडे ने 83 कैच**

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2009 से 2024 तक 184 मैच खेले, जिसमें 86 कैच लिए। आईपीएल 2025 में यह खिलाड़ी नजर नहीं आएगा।

मनीष पांडे- आईपीएल में 7 अलग-अलग टीमों से खेल चुके मनीष पांडे 171 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 83 कैच लपके हैं।

**फाफ डु प्लेसिस के 81 कैच**

आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स समेत 3 टीमों के लिए खेल चुके फाफ ने 145 मैचों में 81 कैच लिए हैं।

---

भारतीय कुश्ती महासंघ पर 2023 में सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

# भारतीय कुश्ती महासंघ से हटा निलंबन, अब हो सकेगा इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाए गए निलंबन को हटा दिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पहलवानों का चयन फिर से संभव हो सकेगा। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एडहॉक कमेटी महासंघ की प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।



### महिला पहलवानों के विरोध से बढ़ा विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ में महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। 16 जनवरी 2023: ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया। अप्रैल 2023: जब सरकार से ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिखी, तो पहलवानों ने दोबारा प्रदर्शन किया। 21 अप्रैल 2023: दिल्ली पुलिस को संबोधित 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और महासंघ के सचिव विनोद तोमर के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें 8-9 साल से चले आ रहे यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

### 15 महीने बाद हटा प्रतिबंध

2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ पर प्रतिबंध लगाया गया था, जब नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी। इस फैसले के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था।

### साक्षी ने लिया था संन्यास

22 दिसंबर 2023: बजरंग पूनिया ने महासंघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने की घोषणा की। 21 दिसंबर 2023: साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूते मेज पर रखकर कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

### यह फैसला खिलाड़ियों की जीत



भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। बृजभूषण ने कहा, "26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं। प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।' साथ ही उन्होंने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें।

### मुझे पूर्ण विश्वास था निलंबन हटेगा



वाराणसी में महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा मैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। निलंबन हटने के बाद खिलाड़ी शिविर में नई-नई तकनीक सीखेंगे।

## दीप्ति महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



**दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे।

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट स्किवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अटापट्टू को पछाड़ा।






## टॉप-10 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भारतीय पुरुष नहीं

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मशहूर पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के अनुसार पांच-पांच पायदान नीचे खिसक गई है जिससे विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में भारतीय पुरुष खिलाड़ियों का कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं है। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य इस सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 15वें स्थान पर खिसक गए हैं। रैंकिंग में पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है।



## रोनाल्डो ने अल नासर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने सोमवार को यहां ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे।

विमेंस प्रीमियर लीग-2025

## आरसीबी ने अपने आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस को हराया, बने रिकॉर्ड्स



**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 199/3 का स्कोर बनाया।जवाब में एमआई की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 188/9 का स्कोर ही बना सकी। बड़े स्कोर का पीछा करते हुए एमआई की साइवर-ब्रंट ने 29 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 35 गेंदों पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 69 रन बनाकर आउट हुई। इस तरह से रहा रोचक मुकाबला आरसीबी से कप्तान स्मृति मंधाना ने अर्धशतक (53) लगाया। मंधाना ने 37 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस अर्धशतकीय पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। यह इस सीजन में उनके बल्ले से निकलने वाली दूसरी अर्धशतकीय पारी रही।


**UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in**

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **27.03.2025** को 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **27.03.2025, 4.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 27.03.2025** को सुबह 11.00 बजे से उपरान्ह 4.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Pandari Branch Mr. Rupak Sau 9593501406 | रत्ना इंजीनियरिंग वर्क्स | ₹ 400.00 Lakh + उस पर लागू ब्याज; भौतिक कब्जा | 17.10.2019; 15.01.2020 | **संपत्ति के मालिकः ए. एन. रेड्डी**, सी.एस.आई.डी.सी., सिलतरा, रायपुर फेस-II, प्लॉट नं.-19/12 (भाग) में स्थित फैक्ट्री एवं शेड। **क्षेत्रफल- 26792 वर्गफीट** | 90,00,000/-; 9,00,000/-; 50,000/- |
| 02 | Bhilai Sector-I Mr. Shubhash 9805510068 | मेसर्स लीजर स्पेस | ₹ 148.10 Lakh; सांकेतिक कब्जा | 09.09.2024; 21.12.2024 | **संपत्ति के मालिक- 1. श्रीमती स्वेता मित्रा पत्नी श्री पुलक**, प्लॉट नं. 48, ख.नं. 372/3 एवं 372/1, इंजीनियरिंग पार्क, औद्योगिक क्षेत्र हथखोज, भिलाई, दुर्ग स्थित प्लांट एवं मशीनरी मेसर्स लीजर स्पेस की संपत्ति। | 36,45,000/-; 3,64,500/-; 50000/- |
| 03 | Bhilai Sector-1 Branch (0125) Mr. Shubash (7873742962) | नेहा मिश्रा | ₹ 15.86 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा | 25.05.2024; 06.08.2024 | **स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा**, ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट। **क्षेत्रफल- 598 वर्गफीट** | 19,76,000/-; 1,97,600/-; 25,000/- |
| 04 | Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448) | श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं एएस इंटरप्राईजेस | ₹ 4.34 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा; ₹ 27.02 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा | 16.11.2021; 11.02.2022; 16.11.2021; 11.02.2022 | **संपत्ति के मालिकः श्रीमती अर्चना सिंह**, ख.नं. 553/1, 553/2, 554, 555, 556/1, 556/3, प.ह.नं. 109, मोवा, जिला-रायपुर छ.ग. छठवीं मंजिल, श्री कर्षण हेरिटेज, दलदल सिवनी, मोवा रायपुर छ.ग. स्थित आवासीय फ्लैट नं. 604. **क्षेत्रफल- 1115 वर्गफीट** | 20,98,000/-; 2,09,800/-; 25000/- |
| 05 | Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448) | अनमोल धर्मकांटा एवं श्री राधे इंडस्ट्रीज, | ₹ 8.96 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा | 03.02.2020; 07.09.2020 | **संपत्ति के मालिकः मेसर्स अनमोल धर्मकांटा, प्रोप. श्री गौरव शुक्ला**, प्लॉट नं. 32 का भाग, जोन 'सी' इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, बोराई, ग्राम- रसमड़ा, जिला- दुर्ग. **क्षेत्रफल- 1614 वर्गफीट** | 17,51,000/-; 1,75,100/-; 25000/- |
| 06 | Baloda Bazar Branch Mr. Sudama Roy (7751067350) | श्री राहुल टिबरेवाल | ₹ 13.82 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा | 31.01.2024; 22.04.2024 | **संपत्ति के मालिक- श्रीमती श्रुति टिबरेवाल पत्नी श्री राहुल टिबरेवाल**, खसरा नं. 311/2, प.ह.नं. 11, ब्लॉक-ए, तीसरी मंजिल, कृष्णा अपार्टमेंट, बलौदा बाजार, भाटापारा में स्थित फ्लैट नं. 06. **क्षेत्रफल- 653 वर्गफीट** | 17,10,000/-; 1,71,000/-; 25000/- |
| 07 | Naya Raipur Branch Mr. Vinod Kumar (8461903247) | श्री कुलदीप सिंह गिल | ₹ 19.67 Lakh + उस पर लागू ब्याज; सांकेतिक कब्जा | 09.04.2024; 26.06.2024 | **संपत्ति के मालिक- श्री कुलदीप सिंह गिल**, ब्लॉक 3, एमआईजी फ्लैट हिमालयन हाइट्स (फेस-I), तीसरी मंजिल, जनरल आवास, डुमरतराई, रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी 58. **क्षेत्रफल- 774.74 वर्गफीट** | 15,69,000/-; 1,56,900/-; 25000/- |

**ई-नीलामी तिथि एवं समयः 27.03.2025** सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 26.03.2025**, दोपहर 1.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक, बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया https://ebkray.in में दिए गए लिंक का संदर्भ लें, भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से **9439693076** पर भी संपर्क कर सकते हैं

**यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।**

दिनांक : 11.03.2025 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)



**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

### मांग-सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।
जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।
सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री भैंसले अयोध्या प्रसाद,** प्लॉट. नं. ए-7 लक्ष्मी नगर, प.ह. 2, रॉ हाउस, स.क्र., खसरा क्रमांक 1097/10, प.ह.नं. 19/22, ग्राम रिसाली, दुर्ग-491001. **श्री भैंसले अयोध्या प्रसाद,** Qr. No. LIG-62, मंडल कॉलोनी, तहसील कार्यालय के पीछे, बलौदाबाजार, रायपुर - 495559. **श्री भैंसले अयोध्या प्रसाद,** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर - बलौदा बाजार, O/o. कार्यकारी अभियंता कार्यालय, O & M डिवीजन, उपखंड कार्यालय, बलौदा बाजार, रायपुर - 495559. **श्रीमती भैंसले सुशीला,** Qr. No. LIG-62, मंडल कॉलोनी, तहसील कार्यालय के पीछे, बलौदाबाजार, रायपुर - 495559. **श्रीमती भैंसले सुशीला,** प्लॉट. नं. ए-7 लक्ष्मी नगर, प.ह. 2, रॉ हाउस, स.क्र., खसरा क्रमांक 1097/10, प.ह.नं. 19/22, ग्राम रिसाली, दुर्ग-491001. | ₹ 12,77,349/- as on 31-JAN-2025 | 28-Feb-2025 | समस्त एवं आंशिक भाग की संपत्ति जिसका प्लॉट क्रमांक ए/7 क्षेत्रफल -139.30 वर्ग मीटर, खसरा क्रमांक 1097/10 (भाग), लक्ष्मी नगर, फेस-2 (भाग के अंदर), प.हनं.-19/22, वार्ड-63 आरआईसी-दुर्ग-1, ग्राम- रिसाली, तहसील एवं जिला दुर्ग में स्थित है। **चौहद्दी**:-उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-रोड, पूर्व-प्लॉट क्रमांक ए/6, पश्चिम-प्लॉट क्रमांक ए/8. |
| 2. | **श्रीमती श्रीवास्तव सीमा,** फ्लैट-ए-415, फ्लोर-4, नारायणी टावर्स, खसरा नंबर 1211/1-2, 1212/1-2 1213/1-2, 1234/8, शीट नंबर 14/11 पी. नंबर 6/2, प.ह.नं. 22, नवीन क्रमांक 28, मौजा तोरवा, हेमू नगर, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्रीमती श्रीवास्तव सीमा,** फ्लैट नंबर 415, नारायणी टॉवर, वार्ड नंबर 38, साईं मंदिर के पास, हेमूनगर, बिलासपुर - बिलासपुर-छ.ग. - 495001. **श्रीमती श्रीवास्तव सीमा,** जे.डी. ऑटोनेशन टाटा मोटर्स, एनएच 130 एनएच. 130 परसदा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्रीमती श्रीवास्तव प्रशांत,** फ्लैट-ए-415, फ्लोर-4, नारायणी टावर्स, खसरा नंबर 1211/1-2, 1212/1-2 1213/1-2, 1234/8, शीट नंबर 14/11 पी. नंबर 6/2, प.ह.नं. 22, नवीन क्रमांक 28 मौजा तोरवा, हेमू नगर, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्रीमती श्रीवास्तव प्रशांत,** मै. एक्सेसरीज वर्ल्ड, शॉप नंबर 16, नगर निगम कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर-छ.ग.-495001 **श्रीमती श्रीवास्तव प्रशांत,** फ्लैट नंबर 415 नारायणी टॉवर, वार्ड नंबर 38, साईं मंदिर के पास, हेमूनगर, बिलासपुर - बिलासपुर-छ.ग. - 495001. | ₹ 16,15,522/- as on 31-JAN-2025 | 28-Feb-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, फ्लैट-ए-415, मंजिल-4, क्षेत्रफल-628.60 वर्ग फीट, खसरा नं. 1211/1-2, 1212/1-2 1213/1-2, 1234/8, शीट सं. 14/11, 'नारायणी टॉवर', हेमू नगर, प.ह.नं.-22/34, आरआईसी-बिलासपुर, ग्राम-बिलासपुर छतमुरा, तह. और जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित, **चौहद्दी**:-उत्तर - फ्लैट सं. ए-416, दक्षिण - फ्लैट सं. डी-414 पूर्व - गली, पश्चिम - खुला आसमान। |
| 3. | **श्री कुमार शिव,** प्लॉट नंबर सी-52, कैपिटल सिटी, प.ह.- III (ब्लॉक ए और सी) स.क्र., ख.नं. 326/1, 2, 327, 328/1, 2, 329, 334 भाग द्वारा, 335/1, 2, प.ह.नं. 109, ग्राम- सड्डू, रायपुर-492001. **श्री कुमार शिव,** मकान नं. सी-52, कैपिटल सिटी, फेज़-3, सड्डू, रायपुर - 492001. **श्री कुमार शिव,** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायपुर-मंदिर हसौद, जिंदल स्टील प्लांट, मंदिर हसौद, महासमुंद रोड - रायपुर - 492101. **श्रीमती यादव संगीता,** मकान नं. सी 52, कैपिटल सिटी, फेस-3, सड्डू, रायपुर - 492001. **श्रीमती यादव संगीता,** प्लॉट नंबर सी-52, कैपिटल सिटी, प.ह.- III (ब्लॉक ए और सी)। क्र.सं., ख.नं. 326/1, 2, 327, 328/1, 2, 329, 334 भाग द्वारा, 335/1, 2, प.ह.नं. 109, ग्राम- सड्डू, रायपुर-492001.. | ₹ 41,60,074/- as on 31-JAN-2025 | 28-Feb-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, जिसका प्लॉट क्रमांक सी-52, क्षेत्रफल-1200 वर्ग फीट, खसरा नं. - 334/4 (भाग), कैपिटल सिटी, फेज 3, वार्ड क्रमांक- 26, प.ह.नं.-109, आरआईसी-रायपुर-1, ग्राम- सड्डू, तह. और जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थित है। **चौहद्दी**:-उत्तर-प्लॉट क्रमांक सी-53, दक्षिण-प्लॉट क्रमांक सी-51, पूर्व-रोड, पश्चिम-प्लॉट क्रमांक बी-65. |
| 4. | **श्री पांडे संजीव,** फ्लैट-LIG-V/12, फ्लोर-2, दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, LIG फ्लैट्स (जी+2 और जी+3); विनोबा नगर, रायगढ़-छ.ग.-496001. **श्री पांडे संजीव,** मकान नं. 49, देवांगन गली, बंगला पारा, ग्राम-बेलादुला, रायगढ़-रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्री पांडे संजीव,** MSP स्टील एंड पावर लिमिटेड, SST पावर, MSP स्टील एंड पावर लिमिटेड, जामगांव, रायगढ़ - रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्रीमती पांडे रेनू,** म.नं. 49, देवांगन गली, बंगला पारा, ग्राम-बेलादुला, रायगढ़-रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्रीमती पांडे रेनू,** फ्लैट-LIG-V/12, फ्लोर-2, दीन दयाल आवास योजना, क्रमांक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, LIG फ्लैट्स (जी+2 और जी+3); विनोबा नगर, रायगढ़-छ.ग.-496001. | ₹ 7,60,792/- as on 31-JAN-2025 | 28-Feb-2025 | आवासीय फ्रीहोल्ड फ्लैट, क्षेत्रफल-487 वर्ग फुट, ख.नं.-313, प्लॉट नं.-93, मौजा-विनोबा नगर में स्थित, "312 एलआईजी फ्लैट्स', छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड फ्लैट-LIG-V-12, दूसरी मंजिल ब्लॉक-V, रायगढ़ वार्ड नंबर 24, विनोबा नगर (बैजनाथ मोदी नगर-छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड)-ब्लॉक एवं तह. - रायगढ़ और जिला-रायगढ़, छत्तीसगढ़। **चौहद्दी**:-उत्तर-फ्लैट V/11, दक्षिण-डब्ल्यू ब्लॉक, पूर्व-फ्लैट V/10, पश्चिम-खुला क्षेत्र। |
| 5. | **श्री रोक्कम श्रीधर,** यूनिट-L-76 लोटस सिटी, स.क्र., खसरा क्र. 51-53, 57-59, 72, 73, 80, 81, 83, 84, 86-89, 92-104, 107-123, 128-131, 142, 143 148-178, 203 का भाग, प.ह.नं. 4, ग्राम परसदा, तह.पाटन, दुर्ग- 490042. **श्री रोक्कम श्रीधर,** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई- 493441. **श्री रोक्कम श्रीधर,** मै. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर - 492001. **श्रीमती आर. रजनी,** 558 पंचशील नगर पूर्व, पो. बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई- 493441. **श्रीमती आर. रजनी,** यूनिट-L-76 लोटस सिटी, स.क्र., खसरा क्र 51-53, 57-59, 72, 73, 80, 81, 83, 84, 86-89, 92-104, 107-123, 128-131, 142, 143 148-178, 203 का भाग, प.ह.नं. 4, ग्राम परसदा, तह.पाटन, दुर्ग- 490042. **श्रीमती आर. रजनी,** मैसर्स. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर - 492001. | ₹ 9,23,756/- as on 31-JAN-2025 | 25-Feb-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, यूनिट L-76 क्षेत्रफल- 690 वर्ग फीट, खाता संख्या- 323, खसरा नं. - 88/2 भाग, लोटस सिटी, प.ह.नंबर-4, आरआईसी-भिलाई-3, ग्राम- परसदा, तह.- पाटन और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है। **चौहद्दी**:-उत्तर-प्लॉट संख्या एल-65, दक्षिण- पथ, पूर्व-प्लॉट संख्या-ख-75, पश्चिम-प्लॉट संख्या एल-77. |
| 6. | **श्री वलेचा मनोज कुमार,** यूनिट-6087, फ्लोर-6, करेंसी टावर, क्र.सं. 611/1-2-3-4, 612/1-2, वीआईपी रोड, रायपुर-492001. **श्री वलेचा मनोज कुमार, पिता लाल चंद वलेचा,** क्वार्टर नंबर 39, रिद्धि सिद्धि रेजीडेंसी, अवंती विहार तेलीबांधा, रायपुर - 492001. **श्रीमती वलेचा मनोज कुमार,** मै. दिशा एंड एसोसिएट्स, क्वार्टर नंबर -39, रिद्धि सिद्धि रेजीडेंसी, तेलीबांधा, रायपुर - 492001. **श्रीमती वलेचा भाविशा पति मनोज कुमार वलेचा,** क्वार्टर नंबर 39, रिद्धि सिद्धि रेजीडेंसी, अवंती विहार तेलीबांधा, रायपुर - 492001. **श्रीमती वलेचा भाविशा,** मै. राधे कंस्ट्रक्शन्स, क्वार्टर नंबर-39, रिद्धि सिद्धि रेजीडेंसी, तेलीबांधा, रायपुर- 492001. | ₹ 14,53,913/- as on 31-JAN-2025 | 28-Feb-2025 | वाणिज्यिक इकाई क्रमांक-6087, 6वीं मंजिल, क्षेत्रफल-173 वर्ग फीट, ख.नं.-15009, मौजा-वीआईपी स्क्वायर, तेलीबांधा, रानी दुर्गावती वार्ड, वार्ड क्रमांक-45 'करेंसी टॉवर' कॉन्डोमिनियम तहसील व जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**:-उत्तर-इकाई क्रमांक-6088, दक्षिण- इकाई क्रमांक-6086, पूर्व-गली, पश्चिम- इकाई क्रमांक-6090. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ — कृते / प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 12.03.2025 — पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020 — एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### कार ने ट्रक को टक्कर मारी, दो की मौत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को एक कार ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के रांची कोकर इलाके में राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पास तड़के करीब तीन बजे हुई।

### झोपड़ी में आग लगने से तीन जिंदा जले

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एजीसीआर एन्क्लेव के पास एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई, जिसमें जलकर तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा को इस घटना के संबंध में सोमवार रात दो बजकर 22 मिनट पर सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के तीन वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर रात दो बजकर 50 मिनट पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन सेवा के अधिकारी फिरोज ने झोपड़ी के अंदर से तीन लोगों के जले हुए शव बरामद किए जाने की पुष्टि की।

## सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों-स्टाफ नर्सों का विवाद

# ओपीडी का बहिष्कार, साइकिल स्टैंड में उपचार

हरिभूमि न्यूज:जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद थमने के बजाए दिन ब दिन और गहराने लगा है। घटना के सातवें दिन डॉक्टरों और स्टाफ ने ओपीडी का बहिष्कार कर दिया। ऐसे में वे अस्पताल के सामने साइकिल स्टैण्ड के पास दरी में बैठकर इलाज करने लगे। इधर इस तरह के हालातों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ जिम्मेदार जिला प्रशासन की भी किरकिरी होने लगी है।

■ कलेक्टर से लगाई गुहार

बीते 5 मार्च को जिला अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने प्रभारी सिविल सर्जन पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यव्हार करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं स्टाफ नर्सों ने भी प्रभारी सिविल सर्जन पर गंभीर आरोप लगाए। इस मामले को लेकर उन्होंने जिला अस्पताल से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से भी फरियाद लगाई। इसके बाद उच्चाधिकारियों से भी इस मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।



**जांच की टीम पर सवाल**

जांच के लिए जो टीम बनाई भी गई है उसकी कार्रवाई भी कहीं संतोषजनक नजर नहीं आ रही है। ऐसी स्थिति में अपने विभाग के साथ प्रशासन के बीच बढ़ती दूरी का नतीजा ओपीडी का बहिष्कार और साइकिल स्टैण्ड के सामने दरी में बैठकर इलाज करने के रूप में सामने आया। खास बात यह है कि जिला गठन के तकरीबन ढ़ाई दशक से अधिक समय के बाद जिले के सबसे बड़े अस्पताल में इस तरह के विवाद और आंदोलन हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इसके बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अमला धृतराष्ट्र बना बैठा है।

### जिम्मेदारों को झांकने तक की फुर्सत नहीं

एनजीओ के मार्गदर्शन में विनोबा एप, उत्कृष्ट जांजगीर, संवाद, क्रिएटर हब जैसे दुनियाभर के दिखावे में सरकारी राशि और समय की बर्बादी करने वाले जिम्मेदार अफसरों को आम लोगों से सीधे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का जरा भी ध्यान नहीं है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जो न केवल गरीब तबकों का बल्कि मध्यमवर्गीय लोगों का भी उपचार कराने का एक मात्र ठिकाना है। वहां सप्ताह भर से प्रभारी अधिकारी और स्टाफ के बीच चल रहे विवाद के कारण व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है, लेकिन वाह रे! प्रशासन मौके पर जाकर मामले को सुलझाना और व्यवस्था बहाल कराना तो दूर की बात, चेम्बर में फरियाद लेकर पहुंचे सभी लोगों को भीतर आकर अपनी बात रखने तक की इज्जत नहीं दी।

## स्कूटी चोरी करते पकड़ा गया युवक, मिली तालिबानी सजा

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी के करते पकड़े गए युवक को तालिबानी सजा दिए जाने का मामला सामने आया है। कथित रूप से स्कूटी करते पकड़े गए युवक को तुलसी चौक में लोगों ने हाथ पैर बांध पर उसकी बेदम पिटाई की। अब इस घटना से जुड़ा वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को हिरासत में लेने के साथ ही उसका डॉक्टरी मुलाहिजा कराया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। हालांकि जिस युवक की लोगों ने पिटाई की वह आदतन बदमाश है।







### दिव्यांग कैदियों के मामले में केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में दिव्यांग कैदियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं और देश भर की जेलों में दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 के क्रियान्वयन के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है।




# आईपीएस थानेदार ने गरीब ई-रिक्शा चालक को जेल जाने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बैटरी वाले आटो डीलर के खेल को पकड़ते हुए आईपीएस थानेदार ने गरीब आटो चालक को जेल जाने से बचा लिया। मामला कोटा थाने का है। हाईकोर्ट में दायर याचिका के मुताबिक याचिकाकर्ता प्रतीक साहू की ईवी ऑटो रिक्शा 20 जनवरी 2025 को कोटा थाना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। कोटा थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 54/2025 दर्ज किया। 28 फरवरी 2025 को पुलिस ने एक व्यक्ति से चोरी की ई-रिक्शा बरामद किया। उससे पूछताछ में मामला उल्टा निकला। उसने बताया कि वह किश्त में ऑटो डीलर से ऑटो लिया था। कुछ दिनों से वह किश्त नहीं पटा रहा था, जिसे डीलर नाराज था। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को तय की है। दरअसल, कोटा थाना क्षेत्र के रहने वाले याचिकाकर्ता प्रतीक साहू की ई-रिक्शा 20 जनवरी को चोरी हो गई। जिस पर उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट कोटा थाने में दर्ज कराई।

■ मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा



### असली आरोपी पर कार्रवाई नहीं

याचिकाकर्ता प्रतीक साहू ने अपने एडवोकेट के जरिए कोर्ट को बताया कि, ई-रिक्शा मिलने पर उसे थाने बुलाया गया। थाने में उसके साथ गाली-गलौज और धमकी दी। ई-रिक्शा किससे खरीदी गई, इसके दस्तावेज दिखाने का दबाव बनाया। चोरी के केस में पीड़ित को ही गाली देने पर प्रतीक साहू ने वकील अमित कुमार के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस असली आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com